सऊदी अरब में एअरपोर्ट पर हुए ड्रोन हमले में युवक की मौत

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। सऊदी अरब के दम्माम हवाई अड्डे पर गत दिवस हूती विद्रोहियों द्वारा किये गये



ड्रोन हमले में क्षेत्र के बगही गांव के एक युवक की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया है। बताते हैं कि उक्त युवक परिवार का एक मात्र कमाऊ सपूत था। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर उर्फ बगही निवासी हरिश्चंद्र पाण्डे का पुत्र कमलेश पाण्डेय (35) वर्ष पिछले 3 साल से सऊदी अरब के दम्माम एअरपोर्ट के अंदर बस चलाने का काम कर रहा है। कमलेश बीच-बीच में घर आता-जाता रहा है। 5 माह पूर्व वह सऊदी चला गया। इस बीच 21 अक्टूबर को दम्माम एअरपोर्ट पर हूती विद्रोहियों के हुए ड्रोन हमले में कमलेश की मौत हो गयी। इस खबर के गांव पहुंचते ही कमलेश घर परिवारीजनों में कोहराम मच गयी। माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पत्नी सुनीता की दहाड़ें मार-मार कर रोते देख गांव वालों का कलेजा दहल जा रहा है। कमलेश अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्रियों तान्वी (14) वर्ष तथा तान्या (10) वर्ष को छोड़ गये हैं। बताते हैं कि चार भाइयों में दूसरे नम्बर के कमलेश के कंधों पर माता-पिता सहित परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी थी। कमलेश की अकाल मौत से परिवार पर मानो विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। कमलेश के शव के घर आने के इंतजार में परिवारीजन बेहाल हैं।

अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 का शुभारम्भ

उद्घाटन मैच में मेजबान पू.रे. ने पश्चिम रेलवे को 65-32 अंको से किया पराजित

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे के तत्वावधान में आयोजित 23 से 26 अक्टूबर तक सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में 33वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 का शुभारम्भ आज मुख्य अतिथि अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मेजबान पूर्वोत्तर रेलवे एवं पश्चिम रेलवे के बीच खेला गया, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे ने पश्चिम रेलवे को 65-32 अंको से हराकर मैच जीत लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच में मेजबान पूर्वोत्तर रेलवे ने पश्चिम रेलवे पर आरंभ से ही बढ़त बना ली और 65-32 अंको से पराजित कर मैच जीत लिया। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर रामाश्रय यादव, दीपक कश्यप एवं शशि ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का अन्य मैच में उत्तर रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 67-44 अंकों से हराया। देर सायं तक दक्षिण रेलवे एवं मध्य रेलवे के बीच खेला जा रहा था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि इस प्रतियोगिता में उत्तर रेलवे, दक्षिण रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, रेलवे सुरक्षा विशेष बल तथा मेजबान पूर्वोत्तर रेलवे सहित कुल 7 टीमें भाग ले रही है। उन्होंने इस चार दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के लिये रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर



रेलवे को बधाई दी। श्री शुक्ल ने कहा कि अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आरम्भ वर्ष 1989 में चेन्नई में हुई थी। वर्ष 2025 में ये प्रतियोगिता गोरखपुर में हुई थी, जिसमें मेजबान पूर्वोत्तर रेलवे सुरक्षा बल विजेता रहा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के उपरान्त रेलवे सुरक्षा बल की चयनित बास्केटबॉल टीम अखिल भारतीय पुलिस खेल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में नये आयाम स्थापित करेगी। श्री शुक्ल ने कहा कि बाहर से आए हुए खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में खेल भावना से अपना शानदार प्रदर्शन करेंगे।

महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल सत्य प्रकाश ने स्वागत सम्बोधन में कहा कि प्रतियोगिता में टीमों को दो पूलों में बाँटा गया है तथा सभी टीमों के बीच लीग, सेमीफाइनल एवं फाइनल को मिलाकर कुल 13 मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता में पारदर्शिता बनाये रखने के लिये बास्केटबॉल संघ, गोरखपुर एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के रेफरी तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा अहम भूमिका निभाई जायेगी। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय रेलों के सदस्यगण, बास्केटबॉल संघ गोरखपुर के सदस्यगण एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में बास्केटबॉल प्रेमी उपस्थित थे। कल 24 अक्टूबर को प्रतियोगिता का अन्य मैच रेलवे सुरक्षा विशेष बल एवं पश्चिम रेलवे, उत्तर रेलवे एवं मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे एवं दक्षिण मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे एवं दक्षिण रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल तथा मध्य रेलवे एवं दक्षिण मध्य रेलवे के बीच खेला जायेगा।

करंट से झुलसे लोगों से मिले मंत्री, मृतकों के परिजनों को दी ५-५ लाख की मदद

गोरखपुर, २३ अक्टूबर।गुलरिहा क्षेत्र में दो दिन पूर्व मूर्ति विसर्जन के दौरान करंट से झुलसे लोगों से कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मुलाकात की। उन्होंने घायल लोगों का हाल जाना



और उनके परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। हमारे भटहट बाजार प्रतिनिधि के अनुसार उक्त घटना में दो सगे भाईयों सहित तीन युवकों की करंट की चपेट में आकर मृत्यु हुई थी, मंत्री श्री सिंह बीआरडी मेडिकल कालेज से निकलकर जंगल अयोध्या प्रसाद के चौहान टोला पहुंचे और मृतक विक्की, लक्की चौहान और चंदन के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट किया। साथ ही प्रदेश सरकार की तरफ से परिजनों को ५-५ लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान किया। ज्ञातव्य है कि बुधवार को गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद के रजही चौराहे पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते समय ट्रैक्टर ट्राली पर रखा डीजे का लोहे की रेलिंग हाईटेंशन विद्युत तार के सम्पर्क में आने से वीरेंद्र विश्वकर्मा, शिवानी चौहान, प्रियांशु, नंदनी, मोनू, शांतनु, अनिल भारती, सत्यवान चौहान, पुष्पा, अनिल, अंशिका, अंशु और सिपाही धनंजय पांडे झुलस गए थे। जबकि चंदन, विक्की और लक्की की मौत हो गई थी।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। पिपराइच थाना क्षेत्र के भरपुरवा गांव के सिवान में खेत के किनारे एक पेड़ से लटका युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची मृतक की पहचान पुलिस ने चौरीचौरा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर निवासी कमलेश निषाद पुत्र श्यामदेव के रूप में किया है। हमारे पिपराइच व बेलाकांटा प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश शुक्रवार की सुबह अपनी बहन के घर आया था। इससे पहले पति-पत्नी के बीच विवाद और मारपीट होने की बात सामने आई है। हालांकि, इस विवाद का युवक की मौत से क्या संबंध है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश नशे का आदी था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। कमलेश के भी तीन बेटे हैं। थाना प्रभारी अनुप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी।

दबंगों ने दम्पति और उसके बेटे को मारपीट कर फोड़ा सिर

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत जैनपुर के अकटहवा में ठेका देशी शराब की दुकान के पास पूरानी रंजिश में चार दबंगों ने मिल कर एक दंपति और पुत्र को मार-पीट कर लहुलुहान कर दिया। जिसमें व्यक्ति का सिर फट गया। उसके सिर छह टांका लगा है, पत्नी और पुत्र को हल्की चोटें आईं हैं। घायल अवस्था युवक थाने पहुंचे कर घटना से अवगत कराया। हमारे भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा थाना क्षेत्र जैनपुर के असनहिया निवासी राजेंद्र प्रसाद पुत्र ठगई के मुताबिक गुरुवार की शाम करीब छह बजे बाइक लेकर किसी काम जा रहे थे। अकटहवा स्थित ठेका शारब की दुकान के बगल में आरोपी के दुकान के पास स्थानीय एक व्यक्ति से रुक कर बात करने लगे। इस संबंध में चौकी प्रभारी जंगल डुमरी नंबर दो एसआई आशीष कुमार सिंह ने बताया कि मामले मेरे संज्ञान में नहीं है। आएगा तो जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

चलती कार में लगी आग

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र स्थित गोरखपुर-महाराजगंज मार्ग पर मेडिकल कालेज के समीप शुक्रवार को दिन में चलती कार में आग लग गई। अचानक गाड़ी से धुआ निकलता देखकर चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल से आग को काबू किया।इस दौरान फोरलेन पर एक तरफ वाहनों की लम्बी कतार लगी रही। मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा क्षेत्र स्थित महेन्द्रा शोरुम लखनऊ में कार्यरत कर्मचारी आज सुबह लगभग ११ बजे अपनी वरना कार सर्विसिंग के लिए मोगलहा सर्विस सेंटर लेकर जा रहा था। वह मोगलहां पेट्रोल पंप से आगे मेडिकल कालेज के समीप पहुंचा ही था कि कार के इंजन से धुआ निकलने लगा। यह देखकर कार चालक तत्काल गाड़ी रोकी और कार से निकल दूर भाग खड़ा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक के गाड़ी से निकलते ही कार धू धू करके जल उठी।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AMEER HAMZA से बदल कर AMIR HAMZA KHAN कर लिया है।अब हमको इसी नाम से जाना और पहचाना जाय। **AMIR HAMZA KHAN** S/O HAFEEZ MOHAMMAD KHAN निवासी ग्राम व पोस्ट, सालारपुर थाना गगहा, जिला गोरखपुर 273411

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बालकृष्ण तिवारी एवं मेरी जन्मतिथि 20-03-2012 दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरा सही नाम बालकृष्ण त्रिपाठी एवं सही जन्मतिथि 20-12-2011 है। मुझे इसी नाम और जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाये। **बालकृष्ण त्रिपाठी** पुत्र बिरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, ग्रा./पो.-बनौली, थाना-खेसरहा, जिला-सिद्धार्थनगर।

मारपीट के आरोपी को पांच साल की सजा

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। मार पीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार चतुर्वेदी ने सहजनवां थाना क्षेत्र के भड़साड़ निवासी अभियुक्त हरिओम को पांच साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र मिश्रा एवं बृजेश सिंह का कहना था कि घटना 27 जून 1999 की दिन के करीब 3.30 बजे की है।अभियुक्त लाठी डंडा से लैश होकर वादी श्रवण कुमार उपाध्याय के दरवाजे पर आया और उसकी नाद उखाड़ने लगा।वादी की मां सुमित्रा देवी व बहन जनक नंदिनी ने मना किया तो अभियुक्त ने कुदाल के पास से वादी की मां के सिर पर मार दिया।जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। अभियुक्त ने वादी उसकी मां और बहन को गाली गुप्ता देते हुए ईट पत्थर भी चलाकर मारा।

भौवापर में बन रहे बारातघर का उपनिदेशक पंचायत ने किया निरीक्षण

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। आप उपनिदेशक पंचायत गोरखपुर मंडल गोरखपुर हिमांशु शेखर ठाकुर के द्वारा ग्राम पंचायत भौवापर विकासखंड पिपरौली में बना रहे परफार्मेंस ग्रांट के अंतर्गत बारात घर का स्थलीय निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय गोरखपुर आसुतोष, यस यस इन्फ्रीजेन कार्यदायी संस्था के सदस्य वेद प्रकाश, सचिव ग्राम पंचायत गोविन्द कुमार , सहायक विकास अधिकारी पंचायत अरविन्द सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत धनंजय सिंह एवं कंसलटिंग इंजीनियर श्याम कृष्ण मोहन कुमार रहे वेद प्रकाश के द्वारा बताया गया कि बारात घर का कार्य प्लिंथ लेवल 80 प्रतिशत तक हो गया है एवं 12 कॉलम 11 फीट का तैयार हो गया है, साथ सचिव ग्राम पंचायत को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया की बारात घर को जाने वाले रास्ते का निर्माण कल से शुरू हो जाये जिससे बारात घर के निर्माण मे कोई कठिनाई ना हो इसके अतिरिक्त उपनिदेशक पंचायत द्वारा सचिव ग्राम पंचायत एवं कार्यदायी संस्था के सदस्य को निर्देशित किया गया की गुणवत्ता पूर्वक बारात घर का काम किया जाए बिना किसी रुकावट के जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये।

जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों ने समझीं आधुनिक औद्योगिक तकनीकें

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान संकाय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के स्नातक तथा परास्नातक के 298 विद्यार्थियों ने शुक्रवार को संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तीन औद्योगिक इकाइयों (इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड, पारले-जी एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का शैक्षणिक भ्रमण किया।जैव प्रौद्योगिकी विभाग के 80 विद्यार्थियों ने गीडा स्थित इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड में औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कंपनी के चेयरमैन यू. एस. पार्टिया, प्लांट हेड शैलेंद्र पांडेय, एसोसिएट मैनेजर (प्रशासन) अखिलेश शुक्ला तथा मानव संसाधन अधिकारी अमित कश्यप ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने किण्वन आधारित औद्योगिक प्रक्रियाओं, उत्पादन तकनीकों, संयंत्र संचालन एवं गुणवत्ता प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। गीडा स्थित पारले-जी में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के 102 विद्यार्थियों को खाद्य उत्पादन की औद्योगिक प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिला। कंपनी के उमेश्वर श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बिस्कुट निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल, उत्पादन के विभिन्न चरणों, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने खाद्य उद्योग की कार्यप्रणाली को समझा और खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक प्रक्रियाओं की भूमिका का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।इसी क्रम में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के 116 विद्यार्थियों ने रामगढ़ताल स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। एसटीपी के साइट प्रभारी राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को संयंत्र की कार्यप्रणाली, अपशिष्ट जल शोधन की विभिन्न प्रक्रियाओं तथा पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका की विस्तृत जानकारी दी। जेई भानु प्रताप सिंह एवं ऑपरेटर मंगल सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न शोधन इकाइयों का भ्रमण कराकर उनकी कार्यप्रणाली समझाई। प्रयोगशाला में लैब प्रमुख ब्यूटी सिंह ने जल की गुणवत्ता की जांच, नमूनों के विश्लेषण तथा प्रयोगशाला में अपनाई जाने वाली तकनीकी प्रक्रियाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

धान की फसल को गंधी बग, सैनिक कीट और फाल्स स्मट से बचाने की सलाह

गोरखपुर, २३ अक्टूबर। खरीफ सत्र में धान की फसल पकने की अवस्था में है। मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण फसल में कीट एवं रोगों के प्रकोप की आशंका को देखते हुए कृषि रक्षा विभाग ने किसानों को सतर्क रहने और समय पर बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार, गंधी बग धान के दूधिया दानों का रस चूसकर नुकसान पहुंचाता है। वहीं, सैनिक कीट की सुंडियां रात में पौधों पर चढ़कर बालियों को काट सकती हैं। इसके अलावा, फाल्स स्मट (झूठा कंडुआ) रोग में धान की बालियों के दाने पीले, गांठ जैसे दिखाई देने लगते हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि खेतों की नियमित निगरानी करें।

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
सूरजकुण्ड, बी-60, गोरखपुर

सर्वसाधारण-विज्ञप्ति

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की सूरजकुण्ड योजना गोरखपुर में मध्यम आय वर्ग भवन संख्या सी-191 श्री चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र स्व. भवानी भीख लाल श्रीवास्तव को आवंटन पत्र सं0-2520 दिनांक 06.02.1978 द्वारा किश्त/ नकद पद्धति पर आवंटित है। संपत्ति के विरुद्ध देय धनराशि का भुगतान एवं औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक 30.07.1991 को भवन का पट्टा विलेख व विक्रय विलेख श्री चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र स्व. भवानी भीख लाल श्रीवास्तव के पक्ष से निष्पादित है। तदोपरान्त श्री चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र स्व. भवानी भीख लाल श्रीवास्तव ने उक्त भवन को श्री प्रेम नाथ श्रीवास्तव पुत्र श्री शम्भू नाथ श्रीवास्तव एवं श्रीमती रीता श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रेम नाथ श्रीवास्तव को विक्रय कर रजिस्ट्री दिनांक 30.12.1996 को कर दिया, जिसके उपरान्त कार्यालय आदेश सं0-1261 दिनांक-01.04.2000 द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण श्री प्रेम नाथ श्रीवास्तव पुत्र श्री शम्भू नाथ श्रीवास्तव एवं श्रीमती रीता श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रेम नाथ श्रीवास्तव के पक्ष में निष्पादित हुआ एवं भवन का फ्रीहोल्ड डीड कार्यालय द्वारा दिनांक-19.12.2003 निष्पादित किया जा चुका है, जो कार्यालय उप निबंधक गोरखपुर में बही सं0-1 जिल्द सं0-4839 पृष्ठ सं0-167 से 174 पर क्रमांक 8660 दिनांक 19.12.2003 पर पंजीकृत है।

श्रीमती रीता श्रीवास्तव पत्नी स्व. प्रेम नाथ श्रीवास्तव के द्वारा जनहित पोर्टल पर आनलाइन आवेदन सं. **MU202609251949501З** दिनांक-27.09.2026 को आवेदन करते हुए अवगत कराया गया है कि श्री प्रेम नाथ श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक-18.08.2020 को हो गई है। अन्य पारिवारिक सदस्य श्री प्रियम पुत्र स्व. प्रेम नाथ श्रीवास्तव व श्रीमती प्रियंका सरकारी पत्नी श्री धीरज सरकारी (पुत्री स्व. प्रेम नाथ श्रीवास्तव) द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण श्रीमती रीता श्रीवास्तव पत्नी प्रेम नाथ श्रीवास्तव के पक्ष में किए जाने हेतु अपना अनापत्ति शपथ पत्र दिया गया है। श्रीमती रीता श्रीवास्तव पत्नी स्व. प्रेम नाथ श्रीवास्तव द्वारा मृत्योपरान्त नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि सन्दर्भित भवन सख्या सी-191 को मृत्योपरान्त नामांतरण किये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति अथवा ऋण देने वाली संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति दाखिल करें, अन्यथा उक्त अवधि के बाद भवन संख्या सी-191 के नामान्तरण की कार्यवाही श्रीमती रीता श्रीवास्तव पत्नी स्व. प्रेम नाथ श्रीवास्तव के पक्ष में कर दी जायेगी। इसके पश्चात किसी प्रकार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा। नामान्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगी, श्रीमती रीता श्रीवास्तव पत्नी स्व. प्रेम नाथ श्रीवास्तव उत्तरदायी होगे।

सम्पत्ति प्रबंधक

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे बजाज एलियाइन जीवन विमा की पालिसी संख्या 0238246660 में मेरा नाम अंग्रेजी में ANEETA&DEVI जो सही है त्रुटि बस उपरोक्त पालिसी में मेरा जन्मतिथि- 1/1/1982 दर्ज है जो गलत है तथा प्रार्थी के आधारकार्ड संख्या है 568231024063 में नाम- ANEETA- व जन्मतिथि 11/05/1982 जो सही है मुझे मेरे दोनों नामो व आधारकार्ड की जन्मतिथि से ही जाना व पहचाना जाए। **अनिता** पत्नी दिनेश, निवासी- धनेवा धनेई वार्ड नं 06 न.पा.प. महराजगंज उ0प्र0

सूचना-सर्वसाधारण सूचित किया जाता है मेरे जीवन बीमा पालिसी संख्या 19958755 में मेरा नाम रफीउल्लाह हाशमी है जिसमे मेरा जन्मतिथि त्रुटि बस 01,01,1995 दर्ज हो गया है जो गलत है तथा मेरे पैनकार्ड, आधार कार्ड में मेरा नाम सिर्फ रफीउल्लाह दर्ज है मैं घोषणा करता हु ऐ दोनों नाम मेरा ही है मुझे दोनों नाम व मेरे सही जन्मतिथि 31,12,1978 से ही. जाना व पहचाना जाए। **रफीउल्लाह हाशमी** उर्फ **रफीउल्लाह** पुत्र मो० हुसैन निवासी नगरपंचायत निचलौल वार्ड नं0 10 आजादनगर पो० निचलौल पिन, 273304

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SALIM से बदल कर SALIM KHAN कर लिया है।अब हमको इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **SALIM KHAN** S/O AMIR HAMZA KHAN निवासी ग्राम व पोस्ट सालारपुर, थाना गगहा, जिला गोरखपुर 273411

सूचना-मेरा बी0 एस-सी0 (कृषि) षष्टम सेमेस्टर परीक्षा 2024 बैक पेपर अनुक्रमांक 23813762510045 का मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गया है। **हिमांशु चौधरी** पुत्र माता प्रसाद चौधरी, ग्राम धनधरा, पोस्ट कमसार, जनपद सिद्धार्थनगर


सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अरमान(ARMAN) से बदलकर अरमान अहमद (ARMAN AHMAD) रख लिया हूँ,मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।**अरमान अहमद** पुत्र एजाज अहमद दाऊदचक, इलाहीबाग निकट- बबली मेडिकल स्टोर्स, पोस्ट- सदर थाना- तिवारीपुर, गोरखपुर 273001

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम मोहम्मद मारुफ से बदलकर मो० मारुफ रख लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मो. मारुफ** पुत्र साकिर अली ग्राम पोस्ट-गंगौली संत कबीर नगर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र सचिन सिंह उम्र 21 वर्ष के गलत आचरण से क्षुब्ध हो अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हु आज के बाद इनके द्वारा किये गए किसी भी गलत कृत्य या देन लेन का यह स्वतः जिम्मेदार होंगे मुझसे या मेरे परिवार से कोई लेना देना नही है। **राजकुमार सिंह** पुत्र रामप्यारे, निवासी, पेमली टोला पीडरहिया पेमली सोमाली कुशीनगर उ0प्र0

सूचना-मै परवीन बानो पत्नी मुहम्मद शकील अहमद निवासी मानबेला खास, झुंगिया बाजार, गोरखपुर का मूल विक्रय विलेख दिनांकित-05.04.2005, दस्तावेज सं0-1808 जो कि वासुदेव प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व० रघुनाथ प्रसाद के पक्ष में निष्पादित है, गायब हो गया है। कृपया पाने वाला व्यक्ति 7 दिन के अन्दर निम्न पते पर सम्पर्क करें- **राजेश कुमार उपाध्याय एडवोकेट,** मो०-9415636607

सूचना-मैं, **श्रीप्रकाश,** निवासी ग्राम-गरही, पोस्ट-रखत, डाकघार-गगहा, तहसील-बाँसगाँव, जनपद-गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273411, सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 556592831428 मेरे 6 वर्षीय नाबालिग पुत्र का वर्तमान नाम अजात (Ajat) है, जिसे परिवर्तित करके आदर्श (Adarsh) कर दिया गया है।अतः आज से मेरे पुत्र को आदर्श (Adarsh) नाम से जाना एवं पहचाना जाए। भविष्य में मेरे पुत्र के समस्त अभिलेखों एवं संबंधित दस्तावेजों में, नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत, परिवर्तित नाम आदर्श (Adarsh) दर्ज कराया जाएगा।



सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम प्रवीन कुमार (PRAVEEN KUMAR) से बदलकर रिंकू कुमार (RINKU KUMAR) कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **रिंकू कुमार** पुत्र जयकिशोर, ग्राम चौरीचौरा लेडुआपार, पोस्ट थुन्नी महादेव चक, थाना - झंगहा, जिला- गोरखपुर- 273413, (उ.प्र.)।

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय-सिविल जज सीनियर. डिवीजन,गोरखपुर
वाद संख्या-1135/2025
विजय कुमार राय बनाम सरोज राय वगैरह

बनाम-सरोज राय, वयस्क पत्नी स्व. अरुण कुमार राय निवासिनी मकान नं.-607 डी, मोहल्ला-मोहद्दीपुर, पोस्ट-कूड़ाघाट, तप्पा व परगना-हवेली, तहसील-सदर, शहर व जिला-गोरखपुर। 2. शान्ती देवी, वयस्क पत्नी स्व. धर्मदेव राय, निवासिनी मकान नं.-607 डी, मोहल्ला-मोहद्दीपुर, पोस्ट-कूड़ाघाट, तप्पा व परगना-हवेली, तहसील-सदर, शहर व जिला-गोरखपुर।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 11 सन् 2026 बवक्त 10.00 बजे दिन के अदालत में स्वयं या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है। कत्तई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बदस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 09-09-2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय-सिविल जज (जूनियर डिवीजन)
कोर्ट.सं.-2, गोरखपुर
वाद संख्या-253/2026
विनय कुमार सिंह बनाम अजय सिंह वगैरह

बनाम-(1) अजय सिंह उम्र बालिग पुत्र स्व. कुंवरकान्त सिंह (2) रेनू सिंह उम्र बालिग पत्नी अजय सिंह निवासीगण भवन सं.-76B मकान नं.-HIG-91, विकास नगर विस्तार कालोनी, पोस्ट-फर्टिलाइजर फैक्ट्री, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर। (3) दमयन्ती सिंह उम्र बालिग पत्नी स्व. कुंवरकान्त सिंह (4) संजय कुमार सिंह उम्र बालिग पत्नी स्व. कुंवरकान्त सिंह, निवासीगण-अघाव, पोस्ट-बनकटा स्टेशन, तहसील भाटपाररानी, जिला-देवरिया।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29 माह 10 सन् 2026 बवक्त 10.00 बजे दिन के अदालत में स्वयं या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है। कत्तई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बदस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह 09 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय-सिविल जज (जूनियर. डिवीजन)-2, गोरखपुर
वाद संख्या-253/2026
विनय कुमार सिंह बनाम अजय सिंह वगैरह

बनाम-(1) अजय सिंह उम्र बालिग पुत्र स्व. कुंवरकान्त सिंह (2) रेनू सिंह उम्र बालिग पत्नी अजय सिंह निवासीगण भवन सं.-76B मकान नं.-HIG-91, विकास नगर विस्तार कालोनी, पोस्ट-फर्टिलाइजर फैक्ट्री, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर। (3) दमयन्ती सिंह उम्र बालिग पत्नी स्व. कुंवरकान्त सिंह (4) संजय कुमार सिंह उम्र बालिग पत्नी स्व. कुंवरकान्त सिंह, निवासीगण-अघाव, पोस्ट-बनकटा स्टेशन, तहसील भाटपाररानी, जिला-देवरिया।

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 10 के 29 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

बस्दस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह 09 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

जिला कार्यालय , यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, कुशीनगर
कार्यालय, ईमेल आई.डी. dspcfkushinagar@gmail.com

अल्पकालीन निविदा सूचना

मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद वर्ष 2026-2027 एवं रवी विपणन वर्ष 2027-28 के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में पी.सी.एफ. के धान क्रय केन्द्र तथा रवी विपणन वर्ष 2027-28 हेतु सम्भावित गेहूं क्रय केन्द्रों का आधार मानते हुए जिलाधिकारी महोदय के द्वारा अनुमोदित धान/गेहूं खरीद में हैण्डलिंग कार्य हेतु ठेकेदारों से निविदाएं प्राप्त किये जाने, धान/गेहूं हैण्डलिंग कार्य हेतु ठेकेदार नियुक्त किये जाने हेतु दिनांक 30-10-2026 से 01.00 बजे अपराह्न तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त से सम्बन्धित जानकारी http%//etender.up.nic.in के वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रबंधक पी.सी.एफ. कुशीनगर के कार्यालय मोबाइल 8765984524 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला प्रबंधक
पत्रांक-पीसीएफ/प्रा.स./हैण्डलिंग/2026-27/मेमो/दिनांक 23-10-2026 पी.सी.एफ. कुशीनगर

सूचना

मशहूर अली S/o फेकू आराजी नं.-203 रकबा 1660 वर्ग फीट स्थित मौजा-पिपरिया तहसील व जिला-महराजगंज को गुड्डू कुमार पुत्र रामदास को बिक्री कर रहे हैं। उपरोक्त सम्पत्ति के बावत सहखातेदार या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर नीचे दिये गये पते पर लिखित रूप से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी तथा मुथुट हाउसिंह फाइनेंस लिमिटेड द्वारा नियमानुसार जमीन क्रय करने हेतु ऋण का भुगतान किया जायेगा। **विवेक कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट**, C-132/344, दीवान बाजार, गोरखपुर

जिला कार्यालय , यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, देवरिया
कार्यालय, ईमेल आई.डी. ds.pcfdeoria 01@gmail.com

अल्पकालीन निविदा सूचना


मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद वर्ष 2026-2027 एवं रवी विपणन वर्ष 2027-28 के अन्तर्गत जनपद देवरिया में पी.सी.एफ. के धान क्रय केन्द्र तथा रवी विपणन वर्ष 2027-28 हेतु सम्भावित गेहूं क्रय केन्द्रों का आधार मानते हुए जिलाधिकारी महोदय के द्वारा अनुमोदित धान/गेहूं खरीद में हैण्डलिंग कार्य हेतु ठेकेदारों से निविदाएं प्राप्त किये जाने, धान/गेहूं हैण्डलिंग कार्य हेतु ठेकेदार नियुक्त किये जाने हेतु दिनांक 30-10-2026 से 01.00 बजे अपराह्न तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त से सम्बन्धित जानकारी http%//etender.up.nic.in के वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रबंधक पी.सी.एफ. देवरिया के कार्यालय मोबाइल 8765984499 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला प्रबंधक
पत्रांक-पीसीएफ/प्रा.स./हैण्डलिंग/2026-27/मेमो/दिनांक 23-10-2026 पी.सी.एफ. देवरिया

पूर्वोत्तर रेलवे — सूचना सं. 178/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु अनारक्षित **परीक्षा विशेष गाड़ी** निम्नलिखित समयानुसार चलाई जायेगी



05151/05152 आजमगढ़-गोरखपुर-आजमगढ़ परीक्षा विशेष गाड़ी

गाड़ी सं0 05151 आजमगढ़ से दिनांक 24.10.26, 29.10.26 एवं 31.10.2026 को
गाड़ी सं0 05152 गोरखपुर से दिनांक 25.10.2026, 30.10.26 एवं 01.11.2026 तक को

05151 आजमगढ़-गोरखपुर			05152 गोरखपुर-आजमगढ़	
आ0	प्र0	स्टेशन	आ0	प्र0
--	19.00	आजमगढ़	23.00	--
20.00	20.05	मऊ	21.40	21.45
20.15	20.20	इन्दारा	21.20	21.25
20.43	20.45	बेल्थरा रोड	20.40	20.45
21.38	21.40	भटनी जं0	19.53	19.55
22.02	22.07	देवरिया सदर	19.25	19.30
23.55	--	गोरखपुर	--	18.30

रेक संरचना:- सामान्य द्वितीय श्रेणी / शयनयान-10, एसएलआर-2 कुल -12

05007/05008 गोरखपुर-लखनऊ-गोरखपुर परीक्षा विशेष गाड़ी

गाड़ी सं0 05007 गोरखपुर से दिनांक 24.10.26 एवं 31.10.2026 को
गाड़ी सं0 05008 लखनऊ से दिनांक 25.10.2026 एवं 01.11.2026 को

05007 गोरखपुर-लखनऊ			05008 लखनऊ-गोरखपुर	
आ0	प्र0	स्टेशन	आ0	प्र0
--	20.35	गोरखपुर	04.00	-
21.35	21.37	आनन्दनगर	02.38	02.40
22.07	22.09	सिद्धार्थनगर	02.05	02.07
22.40	22.42	बढ़नी	01.23	01.25
23.07	23.09	तुलसीपुर	00.48	00.50
23.38	23.40	बलरामपुर	00.20	00.22
01.10	01.15	गोण्डा	23.40	23.45
01.51	01.53	कर्नेलगंज	23.05	23.07
02.20	02.22	बुढ़वल	22.30	22.32
03.03	03.05	बाराबंकी	22.05	22.07
03.45	03.48	बादशाहनगर	21.25	21.28
04.45	--	लखनऊ जं0	--	20.55

रेक संरचना:- सामान्य द्वितीय श्रेणी / शयनयान-10, एसएलआर-2 कुल -12

मुजाधि / टी-67A — मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज : ३, लीडर रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'**आज**' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा '**आज**' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक